This question paper contains 4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

2663

B.A. (Programme)/I **D-II**

HINDI DISCIPLINE—Paper I

हिंदी अनुशासन—प्रश्नपत्र I

(हिंदी कविता, नाटक तथा हिंदी कविता का प्रवृत्तिगत इतिहास)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 12+12

(क) (*i*) पीछे लागा जाइ था, लोक बेद के साथि।
आगैं थै सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि॥

(*ii*) कबीर सतगुर ना मिल्या, रही अधूरी सीष।
स्वांग जती का पहरि करि, घरि घरि माँगे भीष॥

P.T.O.

(ख) मैया री मोहि माखन भावै।

जो मेवा पकवान कहति तू मोहिं नहीं रुचि आवै॥

ब्रज जुवती इक पाछे ठाड़ी सुनत स्याम की बात।

मन मन कहति कबहुँ अपनै घर देखौ माखन खात॥

बैठ जाइ मथनियाँ कै ढिग मैं तब रहौं छपानी।

सूरदास प्रभु अंतरजामी ग्वालिनि मन की बात।

(ग) सब लोग हिल मिलकर चलो, पारस्परिक ईर्ष्या तजो,

भारत न दुर्दिन देखता, मचता महाभारत न जो।

हो स्वप्न तुल्य सदैव को सब शौर्य सहसा खो गया,

हा! हा! इसी समराग्नि में सर्वस्व स्वाहा हो गया।

2. तुलसीदास **अथवा** जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय दीजिए। 10

3. पाठ्यक्रम में निर्धारित काव्यांशों के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8,8

(क) घनानन्द के पदों में प्रेम तत्व पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'गीत फरोश' कविता का प्रतिपाद्य बताइए।

(ग) 'जागो फिर एक बार' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'मधुप गुनगुना कर कह जाता' कविता की मूल संवेदना बताइए।

4. किसी **एक** अनुच्छेद की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

मैं जानती हूँ माँ, अपवाद होता है। तुम्हारे दु:ख की बात भी जानती हूँ। फिर भी मुझे अपराध का अनुभव नहीं होता। मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए यह संबंध और सब संबंधों से बड़ा है। मैं वास्तव में अपनी भावना में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है।

अथवा

राजनीति साहित्य नहीं है। उसमें एक एक क्षण का महत्व है। कभी एक क्षण के लिए भी चूक जाएँ, तो बहुत बड़ा अनिष्ट हो सकता है। राजनीतिक जीवन की धुरी में बने रहने के लिए व्यक्ति को बहुत जागरूक रहना पड़ता है।...... साहित्य उनके जीवन का पहला चरण था। अब वे दूसरे चरण में पहुँच चुके हैं।

5. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का सार लिखिए।

अथवा

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में मल्लिका के चरित्र पर प्रकाश डालिए। 15

6. (क) कृष्ण भक्ति काव्य **अथवा** रीतिमुक्त धारा की विशेषताएँ बताइए। 15

(ख) प्रगतिवादी कविता **अथवा** कबीर के काव्य का प्रतिपाद्य लिखिए। 10